an>

Title: Need to extend time limit of Shyama Prasad Mukherji Rurban Mission (SPMRM) upto March 2023.

**डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी):** सभापति महोदय, केन्द्र सरकर द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रुर्बन अभियान के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र माडंवड, नादगांव तहसील का समावेश किया गया है। रुर्बन योजना जो कि गांव के किसान को सक्षम बनाने में बहुत ही मददगार साबित हुई है।

पोस्ट-हार्वेस्टिंग डेवलपमेंट का इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, बेसिक स्कूल और पीएसी के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, कुछ रोड्स हो, इस योजना में समावेश किया जाना अच्छा काम है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है और लोगों की आमदनी भी बढ़ रही है। इस योजना में जो समावेशी गांव हैं, उसका भी अच्छा विकास हो रहा है।

इस योजना के काम को मार्च 2021 तक पूरा करना है, किन्तु पिछले साल कोविड और तेज बारिश के कारण कुछ काम बंद था, अभी फिर से शुरू हुआ है। इसे पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि पिछले साल कोविड की आपत्ति को ध्यान में रखते हुए अगर रुर्बन योजना की समय सीमा मार्च 2023 तक बढ़ाई जाए तो इस योजना का उद्देश्य सफल होगा। धन्यवाद।